Ans. (c) : पृथ्वीराज चौहान तृतीय (शासनकाल-1177-1192 ई.) का समकालीन चन्देल शासक परमर्दिदेव (शासनकाल-1165-1203) था।

315. रणथम्भौर के चौहान राजवंश का संस्थापक कौन था?

(a) पृथ्वीराज (b) हम्मीर
(c) गोविन्दराज (d) कान्हड़

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I
RPSC Van Rakshak 11-12-2020

Ans. (c) : रणथम्भौर के चौहान राजवंश के संस्थापक गोविंद राज चौहान थे। यह पृथ्वीराज चौहान तृतीय का पुत्र था। इन्होंने ही 1194 ई. में रणथम्भौर चौहान राजवंश की स्थापना की थी।

316. रणथम्भौर के शासक हम्मीर देव द्वारा किस मंगोल नेता को शरण देने पर अलाउद्दीन ने रणथम्भौर पर आक्रमण किया?

(a) तैमूर खाँ (b) मुहम्मद शाह
(c) खेब्रू (d) मोहम्मद खान

सेकेण्ड ग्रेड-संस्कृत शिक्षा-17-02-2019

Ans. (b) : रणथम्भौर के शासक हम्मीर देव द्वारा मंगोल नेता मुहम्मद शाह को शरण देने के बदले में अलाउद्दीन ने रणथम्भौर पर 1301 ई0 में आक्रमण कर दिया। अलाउद्दीन के सेनापति उलुग खान और नुसरत खान ने एक बड़ी सेना के साथ रणथम्भौर पर आक्रमण किया जिसमें नुसरत खाँ मारा गया था फिर भी अन्ततः हमीर देव (रणथम्भौर) की पराजय हुई।

317. 1301 ई. में रणथम्भौर पर आक्रमण के दौरान अलाउद्दीन खिलजी का कौन सा सेनानायक मारा गया था?

(a) उलुघ खाँ (b) नुसरत खाँ
(c) जफर खाँ (d) आईनुल मुल्क मुल्तानी

RPSC School Lecturer-26-04-2017

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

318. अमीर खुसरो की किस कृति से जलालुद्दीन खिलजी के रणथम्भौर अभियान का उल्लेख प्राप्त होता है?

(a) किरान-उस-सदायन (b) मिफ्ताह-उल-फुतूह
(c) खजाइन-उल-फुतूह (d) आशिका

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (b) – अमीर खुसरो की 'मिफ्ताह-उल-फुतूह' नामक कृति से जलालुउद्दीन खिलजी के रणथभौर अभियान का उल्लेख प्राप्त होता है। इस आक्रमण के समय रणथम्भौर का शासक हम्मीर चौहान (1282-1301) था। बार-बार प्रयासों के बाद भी जलालुद्दीन खिलजी रणथम्भौर पर अधिकार नहीं कर पाया।

319. निम्न में से कौन से शासक ने अकबर से वैवाहिक संबंध स्थापित नहीं किये?

(a) आमेर के भारमल
(b) जैसलमेर के रावल हरराय
(c) रणथम्भौर के राव सुर्जन हाड़ा
(d) बीकानेर के राव कल्याणमलं

48 LA2018-Question Paper Code-48
प्रयोगशाला सहायक-2018 (03 फरवरी 2019)

Ans. (c) : रणथम्भौर के राव सुर्जन हाड़ा ने अकबर से वैवाहिक संबंध नही स्थापित किया। अकबर के साथ वैवाहिक संबंध स्थापित करने वाला प्रथम राजपूत आमेर के कछवाहा शासक भारमल (1562) ई. था।

320. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म (दुर्ग-अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण के समय शासक) सुमेलित नहीं है?

(a) रणथम्भौर-हम्मीर देव
(b) चित्तौड़-राणा रतन सिंह
(c) सिवाणा-मालदेव
(d) जालौर-कान्हड़देव

फायरमैन सीधी भर्ती परीक्षा-2021 (Ex. Dt. 29-01-2022)

Ans. (c) – खिलजी वंश के प्रसिद्ध शासक अलाउद्दीन खिलजी ने राजस्थान कई राजपूत शासकों के विरूद्ध युद्ध जीते, जिसके अन्तर्गत वर्ष 1301 में रणथम्भौर शासक हम्मीर देव, वर्ष 1303 में चित्तौड़ शासक राणा रतन के विरूद्ध तथा वर्ष 1311 में राजा कन्हड़देव के शासन काल में जालौर को जीता परन्तु जब अलाउद्दीन खिलजी ने सिवाना पर आक्रमण किया तो वहां का शासक मालदेव नहीं, बल्कि राजा शीतलदेव था जो पराजित हुआ।

321. जालौर के चौहान वंश का संस्थापक कौन था?

(a) कान्हडदेव (b) कीर्तिपाल
(c) रतनसिंह (d) हमीरदेव

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (b) : जालौर के चौहान वंश की स्थापना कीर्तिपाल चौहान द्वारा 1181 ई. में की गई थी बिजौलिया प्रशस्ति में जालौर को जाबालिपुर कहा गया है। जालौर के चौहान को सोनगरा चौहान भी कहा जाता था।

322. अलाउद्दीन खिलजी ने सिवाना के किले को जीतकर उसका नाम क्या रखा?

(a) सुल्तानपुर (b) खैराबाद
(c) फिरोजाबाद (d) खिज्राबाद

अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा 2019 (Ex. Dt. 27-12-2020)

Ans. (b) अलाउद्दीन खिलजी ने 1308 ई. में सिवाना के किले को जीतकर उसका नाम खैराबाद रखा था। इस दुर्ग का रक्षक चौहान सरदार सीतलदेव सोनगरा मारा गया था।

323. हाड़ी रानी कर्मावती द्वारा जौहर में प्रवेश करते समय दिये गये भूमि अनुदान की जानकारी का स्रोत कौन सा है?

(a) पुर के ताम्रपत्र (b) चौकली के ताम्रपत्र
(c) रणकपूर प्रशस्ति (d) चीरवे का शिलालेख

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020

Ans. (a) पुर ताम्रपत्र से हाड़ी रानी कर्मावती द्वारा जौहर में प्रवेश करते समय दिये गये भूमि अनुदान की जानकारी मिलती है। इस ताम्र पत्र से जौहर प्रथा एवं भूमि अनुदान का विवरण प्राप्त होता है।

324. किस ताम्रपत्र से रानी कर्मावती के जौहर का पता चलता है?

(a) पुर ताम्रपत्र (b) खेरोदा ताम्रपत्र
(c) चीकली ताम्रपत्र (d) आहड़ ताम्रपत्र

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

325. निम्नलिखित में से (अलाउद्दीन खिलजी के समय शासक–स्थान) सुमेलित नहीं है?

(a) रणथम्भौर– हम्मीर देव चौहान
(b) चित्तौड़गढ़ – रावल रतनसिंह
(c) सिवाणा– शीतल देव
(d) जोधपुर– वीरम देव

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022